ई–मेल द्वारा प्रेषित

प्रेषक,

प्राचार्य,
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय,
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)।

सेवा में,

संयुक्त निदेशक,
उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड,
क्षेत्रीय कार्यालय,
दून विश्वविद्यालय परिसर,
देहरादून।

पत्रांकः 196/स्वीप/2023–24

दिनाँकः 16.09.2023

विषयः विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान विषयक सूचना का प्रेषण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक संख्या 881/स्वीप/2023–24 दिनांक 24 जुलाई 2023 के अनुपालन में सूच्य है कि महाविद्यालय में स्वीप के अन्र्तगत 15.09.2023 को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया जिसकी आख्या निम्नवत् है।

रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं ने दल्लावाला गाँव के मुख्य चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का अभिनय किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता के संदेश को प्रचारित प्रसारित किया गया जिससे अधिक से अधिक लोग अपने–अपने वोट को समझें और मतदान में अधिक से अधिक लोग भाग लें। छात्राओं ने यह बताने का प्रयास किया कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए क्योंकि एक अच्छी सरकार जनता के हितों का ध्यान रख सकती है। पूरी सूझबूझ के साथ आप अपने वोट का उपभोग करें।

नुक्कड़ नाटक महाविद्यालय के बी0 ए0 प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं कु0 काजल पुत्री श्री रामनाथ, कु0 खुशी पुत्री श्री सुरेश सैनी, कु0 शिवानी पुत्री श्री प्रवेश कुमार, कु0 शिवानी पुत्री श्री नीटू सैनी, कु0 शीतल पुत्री श्री अनिल कुमार, कु0 शीतल पुत्री श्री कुंवरपाल, कु0 सोनिका पुत्री श्री लोकेश, कु0 निशा पुत्री श्री राम कुमार, कु0 स्वाति पुत्री श्री अशोक कुमार, कु0 साक्षी पुत्री श्री संजय कुमार ने भाग लिया।

नुक्कड़ नाटक के मंचन के अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृपया प्राप्ति स्वीकार करें।

संलग्नकः– कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स।

16.9.2023
कार्यक्रम समन्वयक
कार्यक्रम संयोजक
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

भवदीय

16.9.23
प्रभारी प्राचार्य
प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)



16.9.23
कार्यक्रम संयोजक
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)

16.9.23
प्राचार्य
रानी धर्म कुँवर राजकीय महाविद्यालय
दल्लावाला, खानपुर (हरिद्वार)